सेवा भारती

Activity Report

January 2022

दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर सेवा भारती ने चलाया "चेतना अभियान"

कोविड संबंधित जागरूकता पैदा करने के लिए जगह-जगह पोस्टर लगाए गए, लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया साथ ही उन्हें योगाभ्यास, खान-पान में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया तथा उन दवाइयों की जानकारी भी दी जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सके।

"मिशन आपदा प्रहरी"

दिल्ली पुलिस,सेवा भारती, एनएमओ, रेड क्रॉस एवं जे.एन.यू का संयुक्त प्रयास

इसके अंतर्गत सेवा भारती ने सम्पूर्ण दिल्ली में कार्यकर्ताओं को 7 दिन का स्वास्थ्य रक्षक का प्रशिक्षण दिया, साथ ही आपात स्थिति में उनकी सेवाओं का लाभ समाज को कैसे मिल सकता है उसकी योजनाओं पर भी कार्य किया गया।

सेवा भारती और सेवा इंटरनेशनल का साँझा प्रयास "निरामय किट"

निरामय किट में उपलब्ध सामग्री का प्रयोग कर लोगों के टेम्प्रेचर और ऑक्सीजन लेवल की जाँच की गई। चेक-अप के साथ-साथ निरामय किट का वितरण भी किया गया।

मास्क बैंकों की शुरुआत

दिल्ली के भिन्न-भिन्न स्थानों पर मास्क बैंक स्थापित किए गए। मास्क बैंकों के द्वारा लोग अपने इच्छा अनुसार मास्क दान दे सकते हैं और जिन लोगों को मास्क की आवश्यकता है वह लोग नि:शुल्क मास्क ले भी सकते है।

नुक्कड़ नाटकों का आयोजन

दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर सेवा भारती ने जगह- जगह नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया। इसमें लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल के बारे में बताया और उनका पालन करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

पराक्रम दिवस पर सूर्य नमस्कार

सेवा भारती के केन्द्रों पर किया गया सूर्य नमस्कार का आयोजन।